## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोहे का कत्ता लेकर घुम रहे युवक पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई



**रायगढ़।** आज दिनांक 24.08.2021 को पुलिस चौकी कनकबीरा प्रभारी उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल हमराह स्टाफ के साथ जुआ, सट्टा, अवैध शराब की कार्रवाई के लिये ग्राम भ्रमण पर रवाना हुये थे, जिन्हें मुखबिर द्वारा सालर मेन रोड़ पर एक व्यक्ति लोहे कत्ता लेकर संदिग्ध अवस्था में घूमते देखे जाने की सूचना दिया गया। चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां ग्राम सालर बरनहा पारा का बैजनाथ पिता गनेशराम बरिहा 30 साल को हाथ में लोहे का कत्ता लेकर घुमते हुये मिला जिसे पकड़कर चौकी लाये। आरोपी पर 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

### पिकनिक मनाने गए युवक की जलप्रपात में डुबने से मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक नहाने के दौरान जलप्रपात में डुब गया ।जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार से लगभग 16 किलों मीटर दूर चार दोस्त शोयब खान,शेख अमीन,मुर्शरफ शेख तीनों निवासी केशकाल और अनस निवासी दुर्ग नीमदरहा जलप्रपात में पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान केशकाल के तीन युवक झरना में नहाने उतर गए ,अनस भी उनके साथ नहाने उतरा था नहाने के दौरान अचानक वह गहरे गड्ढे में उतर गया उसे तैरना नही आता था। घटना की सुचना उसके दोस्तों ने पुलिस व उसके घर वालों को दी जिसके बाद सोमवार की देरशाम अनस 22 वर्ष पिता रउफ निवासी तकियापारा दुर्ग का शव निकाला गया।

### केशकाल नीमदरहा जलप्रपात में डूबने से 1 युवक की हुई मौत

**कोंड़ागांव (आरएनएस)।** केशकाल से लगभग 16 किमी.दूर स्थित नीमदरहा जलप्रपात में चार दोस्त सोमवार को पिकनिक मनाने गये थे। जिसमें तीन युवक केशकाल के थे, और एक 22 वर्षीय युवक अनस अशर्फी दुर्ग तकियापारा का रहने वाला था, जो अपने रिश्तेदार के घर आया था, वह भी साथ में गया था। केशकाल के युवक झरना में उतरकर नहा रहे थे, तभी अनस भी कुंड नुमा गड्ढे में उतर गया, वह तैरना नहीं जानता था जिसके चलते वह डूब गया और उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस सूचना पर मौके पर पंहुचकर ग्रामीण के सहयोग से गहरे कुंड में युवक की तलाशी करवाई। करीब शाम 06 बजे युवक की लाश कुंड से निकाली गई।

### 2 किलों 35 ग्राम गांजा व वाहन जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** गांजा बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहा ऑटों चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने अलग-अलग 2 पैकेट में रखे 2 किलों 35 ग्राम गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक खमतराई थाना पुलिस को सोमवार मुखबीर की सूचना मिली की एक ऑटों में गांजा रखकर एक व्यक्ति ग्राहक तलाश रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच 23 अगस्त को रात 8:15 बजे ट्रांसपोर्ट नगर के सामने सचदेवा राईस मिल के पास रांवाभाठा डी रकी पटनायक पिता स्व. हरीचन्द्र पटनायक उम्र 30 वर्ष निवासी ब्रम्हदेही पारा मंदिर के पास खमतराई थाना ऑटों क्रमांक सीजी 04 एलआर 7362 को घेराबंदी कर ऑटों की डिक्की में रखा अलग-अलग 2 पैकेट में रखा 2.035 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा कीमत 22,000/- रूपये एवं ऑटो कीमत 70,000/- रूपये कुल 92,000/ को जब्त कर ली है।

# भूमिहीन श्रमिकों को मिलेगी सहायता राशि, शासन ने बनाई विशेष योजना-मंत्री उमेश पटेल

**» नावापारा (पूर्व) में नए स्कूल भवन का किया लोकार्पण**

**» उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 45 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

**रायगढ़ ।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 45 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने नावापारा (पूर्व) में 20 लाख की लागत से निर्मित नवीन प्राथमिक शाला भवन तथा सोण्डका उ.मा.विद्यालय में 18 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर ग्रामीण जन जीवन के उन्नति के लिए योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं। शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, वनोपज के दामों में वृद्धि, बिजली बिल आधा करने जैसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि के साथ आजीविका संवर्धन का माध्यम बन रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे आगे बढ़ाते हुए अब गांवों में निवासरत भूमिहीन श्रमिकों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ करने जा रही है। इससे खेतिहर मजदूरों को भी सहायता राशि मिलेगी। इससे प्रदेश के 10 लाख से अधिक ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जरूरत के अनुरूप अधोसंरचनात्मक विकास के लक्ष्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि इस जनसम्पर्क का उद्देश्य लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझना है। ताकि उसके अनुसार कार्ययोजना बनाकर विकास कार्यों को और गति दी जा सके। इस दौरान ग्रामवसियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसका उन्होंने शीघ्र निराकरण करने के निर्देश एसडीएम और जनपद सीईओ को दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने आज नावापारा पूर्व में 20 लाख के लागत से नवनिर्मित स्कूल भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्रों के साथ शिक्षकों व ग्रामवासियों को नए स्कूल बिल्डिंग की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लंबे समय से जर्जर हो चुके भवन के स्थान पर नए भवन निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसको ध्यान में रखते हुए 20 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गयी थी, और आज यह सर्वसुविधायुक्त भवन बच्चों की शिक्षा अर्जन के लिए बन कर तैयार है। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों को एक सुविधाजनक माहौल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि गांव में सीसी रोड, सामुदायिक भवन के साथ ही अन्य जरूरी अधोसंरचनात्मक निर्माण के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामवसियों से कहा कि उनकी मांग और जरूरतों के अनुसार ही आगे भी कार्य किये जायेंगे। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम सोण्डका के उ.मा.विद्यालय में निर्मित चार अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को सर्वसुविधायुक्त पुस्तकालय व प्रयोगशाला के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए कक्ष उपलब्ध होंगे। इसके लिए उन्होंने सभी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य अवध राम पटेल, श्रीमती पुनीता दिलीप पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर उरांव, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, सदस्य रामलाल चौहान, रोहित कुमार पटेल, भोला राठौर, सरपंच नावापारा पूर्व श्रीमती गायत्री सिदार, उपसरपंच टेकराम पटेल, सरपंच सोण्डका श्रीमती गंगाबाई नागवंशी, एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम नावापारा पूर्व में 20 लाख की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन, ग्राम सोण्डका में 18 लाख रुपये की लागत से शा.उ.मा.वि.सोण्डका में निर्मित पुस्तकालय कक्ष, कला कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष सहित अतिरिक्त कक्ष व ग्राम पण्डरीपानी में 7 लाख की लागत से बने सीसी रोड का लोकार्पण किया।

## राष्ट्रीय नेत्र पखवाड़ा आज से प्रारंभ

**रायगढ़ ।** भारत में कार्नियल दृष्टिहीनता में कमी लाने, सामाजिक चेतना जागृत करने प्रति वर्ष 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। मनुष्य के मरणोंपरांत स्वस्थ्य व्यक्ति के स्वस्थ्य नेत्रों का दान उसके परिवार द्वारा किया जाता है दान से प्राप्त नेत्रों को उन रजिस्टर्ड जरूरतमंद कार्नियल ब्लाईड के मरीजों में कार्निया प्रत्यारोपण एवं नेत्र रोग चिकित्सा शोध कार्य हेतु उपयोग में लाया जाता है। कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार, कार्नियल ट्रासप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है तथा मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान की जाती है। नेत्रदान से किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी आ सकती है नेत्रदान करने वालो की आयु 05 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति की आखें दान के लिये उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन रैबिज, टीटनेस, हेपेटाईटिस, सर्प दंश, जहर सेवन, जलने से या पानी में डुबने से हुई मृत्यु में नेत्रदान के लिये उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने के लिये औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है, मृत व्यक्ति के परिजनों या उत्तराधिकारी के अनुमति पर नेत्र निकालने की प्रक्रिया की जाती है। नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु होने के 06 घण्टे के अंदर पूरी कर ली जानी चाहिए। नेत्रदाता के आंखों को मृत्युपरांत खुला न रहने दें एवं बंद पलकों पर गीली रूई या स्वच्छ पतला कपड़े बर्फ का टुकड़ा लपेटकर पलक के उपर रख दें जिससें कार्निया में नमी बनी रहे। नेत्रदान करने हेतु जितनी जल्दी हो सके परिजनों या उत्तराधिकारी को इसकी सूचना चिकित्सकीय टीम को दी जानी चाहिए। हो सके तो परिजन मृत व्यक्ति के घर का पता बताने मुख्य सड़क पर रहे जिससे चिकित्सकीय टीम को घर तलाशने की आवश्यकता न पड़े।

## जघन्य अपराध के दो आरोपी 8 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**» हिंसक घटना के बाद एसपी ने बनाई थी चार टीम, देर शाम मिली सफलता**

**रायगढ़।** आज दिनांक 24/08/2021 के दोपहर थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रामभांठा हाईस्कूल में हुई हिंसक घटना के बाद एसपी अभिषेक मीणा द्वारा एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में सीएसपी, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी चक्रधरनगर , प्रभारी कोतरारोड के अलग-अलग 4 पुलिस टीमें अपचारी बालकों की पतासाजी गिरफ्तारी के लिये बनाया गया। नगर कोतवाल मतनीष नागर के नेतृत्व वाली टीम को देर शाम कनकतुरा जंगल में घटना कारित करने वाले मुख्य अपचारी बालक को हिरासत में लेने में सफलता हाथ लगी, वहीं पुलिस की एक टीम अपचारी बालक के साथी को धारंगडीपा से हिरासत में लिया गया।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 24/08/2021 के दोपहर रामभांठा हाईस्कूल में चाकूबाजी की सूचना पर एडिशनल एसपी के साथ सीएसपी रायगढ़, थाना प्रभारी कोतवाली, चक्रधरनगर व पुलिस बल मौके पर पहुंची। आहत सागर टंडन पिता अनूज टंडन उम्र 15 वर्ष को अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया गया।

घटना के संबंध में जानकारी मिली कि आज दोपहर करीब 01:30 बजे सागर टंडन को दो लड़के स्कूल प्रांगण में पीपल पेड के नीचे दोनों लड़को में से एक लड़के ने सागर को चाकू से लहू लूहान कर दिया। हत्यारा स्कूल के टीचर को भी चाकू लेकर डरा धमका रहा था। गंभीर रूप से घायल सागर को अस्पताल ले जाया गया , जहां उसे डॉक्टर ने मृत बताये। मृतक की बहन भी स्कूल में पढ़ती है, जो बताई कि चाकू बाजी घटना के पहले भी दोनों लड़के स्कूल आये थे और उसके भाई सागर को थप्पड़ से मारपीट किये थे। घटना के संबंध में मृतक के मामा द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 1196/2021 धारा 302, 34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये एसपी अभिषेक मीणा द्वारा जिले में नाकेबंदी कराकर पुलिस की चार टीमें बनाई गई, जिन्हें दोनों अपचारी बालकों को हिरासत में लेने में सफलता मिली है। किशोर पर चाकू से हमला करने वाले अपचारी बालक की उम्र 17 वर्ष 06 माह है और उसके साथी की उम्र 17 साल है।

## जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज सिविल अस्पताल खरसिया के प्रांगण में आयोजित किया गया। शिशु संरक्षण माह 28 सितम्बर 2021 तक चलेगा।

विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है, अतः 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन की खुराक अवश्य पिलायें उक्त जानकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल ने सिविल अस्पताल खरसिया के प्रांगण में आयोजित शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी।




जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल ने सभी 9 माह से 5 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवाने के लिए कहा। शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार और शुक्रवार को जिले के सभी ग्रामों में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें। शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के 0 से 9 माह तक के 99 हजार 402 बच्चों को विटामिन ए तथा के 0 से 6 माह तक के 01 लाख 9 हजार 490 बच्चों को आई.एफ ए. सिरप पिलाया जाना है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सर्वश्री गोपाल शर्मा, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल (विक्कल), मनोज महंत, राजेन्द्र राठौर (लालू), लीला राठिया, केरा बाई, जीवनदीप समिति के सदस्य जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक पटेल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सूरज पटेल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल खरसिया डॉ. दिलेश्वर पटेल, चोलेश्वर सिंह पटेल, सहायक जिला टीकाकरण अधिकारी, हलधर यादव कोल्ड चैन टेक्नीशियन, पंकज मिश्र व्ही.सी.सी.एम एवं सिविल अस्पताल खरसिया के समस्त स्टॉफ तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## धरमजयगढ़ नीचेपारा में महिला ने कुंए में लगाई छलांग, की आत्महत्या की कोशिश

**रायगढ़।** दिनांक 23/08/2021 के रात्रि करीब 12:00 बजे नीचेपारा धरमजयगढ़ में रहने वाली महिला अपनी जान देने घर के पास कुंए में कूद गई थी, जिसे काफी मशक्त के बाद कुंए से बाहर निकाला गया है, महिला को बचाने के लिये मोहल्ले के कुछ लोग कुंए में कूद कर प्रयास किये थे परन्तु महिला उन पर हमला कर रही थी। घटना की सूचना पाकर टी.आई. धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची। उपस्थित लोगों ने शकुन्तता पति संजय सारथी उम्र करीब 35 वर्ष को जान देने के लिये कुंए में कूदना बताये और बताये कि शकुंतला पहले भी मेरा कोई नहीं है कहकर आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है।




रात के अंधेर में धरमजयगढ़ पुलिस स्टाफ टार्च, टायर ट्यूब लेकर महिला को बाहर निकालने कुंए में उतारे और काफी प्रयास के बाद महिला को बाहर निकाला गया, महिला बाहर आने को तैयार नहीं थी। महिला की स्थिति को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बाबाधाम कोसमनारा के पास बदमाश ने दो लोगों पर किया चाकू से हमला

**» एटेम्प्ट टू मर्डर के केस में गिरफ्तार**

**रायगढ़।** दिनांक 23.08.2021 के रात थाना कोसमनारा अन्तर्गत बाबाधाम मंदिर परिसर में सांगीतराई जूटमिल में रहने वाला राम मिलन प्रजापति दो लोगों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया था, घटना की सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी को हत्या के प्रयास के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में बाबाधाम में सेवा कर रहे महेश दास मानिकपुरी थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23/08/2021 की शाम करीबन 7-8 बजे मंदिर के बाहर हल्ला होने की आवाज सुनकर बाहर निकलकर देखे तो राम मिलन प्रजापति जो पहले भी दो-तीन बार बाबाधाम के पास झगडा मारपीट किया था हाथ में चाकू लेकर पीपल पेड के पास बैठे आश्रम के संत दिलीप दास उम्र 65 वर्ष और चित्रकूट से दर्शन के लिए आये बजरंग गिरी 35 साल को अनावश्यक झगड़ा कर हाथ में रखे चाकू से मारा , जिससे दिलीप दास के पीठ एवं बांये हाथ के कोहनी और सिर पर तथा बजरंग गिरी के बांये पसली, पीठ पर चोट आई। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव के लिये दौड़े तो राम मिलन प्रजापति चाकू लेकर भाग गया। हाथों को जिला अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया आहट दिलीप दास को प्राथमिक उपचार बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है, बजरंग गिरी अस्पताल में भर्ती है, स्थिति सामान्य है।



घटना की सूचना पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा पेट्रालिंग एवं स्टाफ को आरोपी की पतासाजी में लगाये, स्टाफ द्वारा आज आरोपी राममिलन प्रजापति पिता राम नारायण प्रजापति 33 साल निवासी आजमगढ़ उत्तरप्रदेश हाल मुकाम सांगीतराई जूटमिल को गिरफ्तार किया गया, जिसे थाना कोतरारोड़ के अप.क्र. 256/2021 धारा 307,323 आईपीसी आज रिमांड पर भेजा गया है।

## शेड्यूल अनुसार नियमित संचालित हो हाट-बाजार क्लिनिक, सभी एसडीएम करें मॉनिटरिंग-कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री बघेल की मंशानुरूप सभी ब्लाकों में हाट-बाजार क्लीनिक का सुचारू संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में जिस दिन क्लीनिक संचालन होना है, उससे एक दिन पहले वहां मुनादी भी करवाये ताकि वहां के लोग एवं आसपास के रहवासी इसका लाभ उठा सके। सभी एसडीएम इसका लगातार मॉनिटरिंग भी करने के लिए निर्देशित किया।



कलेक्टर सिंह ने बैठक में गोधन न्याय योजना के संबंध में चर्चा की। उन्होंने सभी गौठानों में गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी लेते हुये कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गौठानों में तैयार वर्मी कम्पोस्ट को जल्द से जल्द सोसायटियों में भिजवाने के साथ ही कृषि, उद्यान, रेशम विभाग सहित उद्योगों में भी भेजने के निर्देश दिए। गौठान में कार्यरत महिला समूहों के नियमित भुगतान का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हर गोठान में चारागाह होना चाहिये।

कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को जहां खाद बीज के ब्लेक मार्केटिंग की शिकायत मिल रही है वहां तुरंत निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद की गुणवत्ता व मानकता की जांच करने एवं खाद महंगे दामों में बेचे जाने की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को गोठानों में मल्टी एक्टिविटी के कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि स्व-सहायता समूहों की आय में वृद्धि हो सके। कलेक्टर सिंह ने उद्योग विभाग के अधिकारी को इंडस्ट्रीज के मांग अनुसार स्व-सहायता समूहों से पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ को स्व-सहायता समूह और उद्योगों के साथ एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए, जिससे उद्योगों में लगने वाले जूता, जैकेट, सेफ्टी बेल्ट, फिनाईल, झाड़ू आदि की पूर्ति स्व-सहायता समूहों द्वारा की जा सके।

कलेक्टर सिंह ने जिले में धान के बदले अन्य फसल लगाने वाले कृषकों की भी जानकारी ली। उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के गाईड लाईन का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को चल रहे गिरदावरी कार्यों की भी नियमित जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने श्रम अधिकारी को सभी श्रमिकों का स्वास्थ्य कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन पाईप लाईन के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों के मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक संख्या में उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जनचौपाल तथा पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की एवं विभागवार लंबित प्रकरणों को जल्द पूरा करने के निर्देश।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480